# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

भारत हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाता है. यह दिन भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को की गई 'रमन प्रभाव' की खोज की याद में मनाया जाता है. भारत सरकार देश में एस एंड टी (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास कर रही है. आपकी राय में विज्ञान राष्ट्र निर्माण में किस प्रकार सहायता करता है?

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 01/03/2023 तक **writetous.en@gmail.com** पर भेजें, जो **200 से 250** शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना **नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर** का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को **एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 11-17 मार्च 2023) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक निःशुल्क भेजी जाएंगी.**